जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/परीक्षा–2/गोपनीय/2018/1791 दिनांक : 12/12/2018

/ / अधिसूचना / /

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **B.Ed. IIIrd Semester (For College - Regular, Ex & ATKT Students) Exam Dec. 2018** की परीक्षाओं में सम्मिलित वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती हैं :–

1	**परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि**	**20.12.2018**
2	परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रुपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	22.12.2018
3	परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि	24.12.2018
4	परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रुपये 1000/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**परीक्षा प्रारम्भ होने के 02 दिवस पूर्व तक**
5	परीक्षा आवेदन–पत्र रुपये 1000/– विलम्ब शुल्क सहित महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि	**परीक्षा प्रारम्भ होने के 01 दिवस पूर्व**

परीक्षार्थियों से निम्नानुसार शुल्क लिया जाना है :–

परीक्षा	नियमित	भूतपूर्व	ए.टी.के.टी.
B.Ed. IIIrd Semester	2000/–	2300/–	550/– (प्रति प्रश्नपत्र)

महाविद्यालय के परीक्षार्थियों के लिए –

उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क नियमित परीक्षार्थी 60/– रू. भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी 80/– रू. एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रू. तथा परीक्षा संचालन शुल्क 250/– रू. प्रति परीक्षार्थी लिया जाना है। जिसमें से नियमित परीक्षार्थी 145/– रू. तथा भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी 165/– रू. की राशि परीक्षा शुल्क के साथ जोड़कर परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन जमा की जावेगी तथा शेष अग्रेषण शुल्क एवं परीक्षा संचालन शुल्क की राशि 215/– रू. प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थी से महाविद्यालय में जमा करायी जावेगी।

परीक्षा के आवेदन-पत्र एवं चालान ऑनलाईन उपलब्ध करा दिये गये हैं जिन्हें आप एम0पी0ऑनलाईन के G2G लॉगिन आइडी से महाविद्यालय Approved के उपरांत डाउनलोड कर कर परीक्षा शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के किसी भी कियोस्क सेंटर में जमा कर सकते हैं।

नोटः– परीक्षा आवेदन ऑनलाईन होने के पश्चात् तत्काल प्रभाव से समस्त छात्रों के आंतरिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन अवश्य करें। आंतरिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन न होने की स्थिति में छात्र का प्रवेश–पत्र ऑनलाईन अपडेट नहीं किया जावेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

विशेष नोट :–

विश्वविद्यालय द्वारा विलम्ब शुल्क के साथ निर्धारित अंतिम तिथि समाप्त होने के उपरान्त किसी भी स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जावेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान् संपादक महोदय, दैनिक .... की ओर इस निवदेन के साथ कि वे अपने लोकप्रिय समाचार में उक्त अधिसूचना को समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध शासकीय शिक्षा महाविद्यालय एवं अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर इस आशय के साथ निर्देशित कि कृपया उक्त अधिसूचना को अपने महाविद्यालय के सूचना–पटल पर छात्रों के सूचनार्थ चस्पा करायें और अधिसूचना में अंकित निर्धारित तिथि तक परीक्षा आवेदन–पत्रों को ऑनलाइन अपडेट कराकर विश्वविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करायें।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. इंटरनेट इंचार्ज, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (परीक्षा/गापेनीय)